हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 44 देहरादून, शुक्रवार, 04 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मेरी माटी मेरा देश अभियान के जनपद में सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक 3

# एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया करेगा नैनी सैनी एयरपोर्ट पिथौरागढ़ का संचालन एवं प्रबंधन

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित

देहरादून। पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी हवाई अड्डे का विकास, संचालन एवं प्रबंधन अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में गुरूवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विभाग के मुख्य कार्याधिकारी सी. रविशंकर तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक्जक्यूटिव डायरेक्टर एन.वी. सुब्बारायडू के मध्य एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनी सैनी एयर पोर्ट के संचालन, रखरखाव, विकास एवं प्रबंधन के लिये पूर्व में उन्होंने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से अपेक्षा की थी कि नैनी सैनी एयरपोर्ट के सामरिक महत्व को देखते हुए इसे अपग्रेड करने तथा इसके बेहतर प्रबंधन के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को हैंडओवर कर दिया जाए। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर निर्णय लिये जाने हेतु एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अविलम्ब एम.ओ.यू की कार्यवाही पूर्ण करने की भी बात हुई थी। इसी के क्रम में आज यह एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुआ है। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट अथॉरिटी व एक्जक्यूटिव डायरेक्टर से नैनी सैनी हवाई अड्डे से विमान सेवा के संचालन में शीघ्रता की अपेक्षा की।

**मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के एक्जक्यूटिव डायरेक्टर से एयरपोर्ट के संचालन में की शीघ्रता की अपेक्षा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमाऊं की एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए पंतनगर में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नये अलाइनमेंट का ओएलएस सर्वे करने की भी एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों से अपेक्षा की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, एयरपोर्ट अथॉरिटी के ऑपरेशन हेड समीर सिंह, देहरादून एयरपोर्ट के निदेशक प्रभाकर मिश्रा आदि उपस्थित थे।




# उत्तराखंड के 5 जिलों में भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 04 अगस्त : प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। खासकर कुमाऊं क्षेत्र के पांच जिलों की मुश्किलें बढ़ेंगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने कुमाऊं के पांच जिलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। स्थानीय प्रशासन से सावधान रहने को कहा गया है। इन जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, उनमें नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जैसे जिले शामिल हैं। यहां कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। देहरादून, पौड़ी, अल्मोड़ा और चमोली में भी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।



साभार - सो.मी.

6 अगस्त तक खराब मौसम मुश्किलें बढ़ाता रहेगा। इस दौरान पर्वतीय इलाकों में भारी बारिश होती रहेगी। देहरादून के कुछ हिस्सों में तेज बारिश के एक या दो दौर हो सकते हैं। यहां तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा है। बीते दिन भी देहरादून में दिन की शुरुआत बारिश के साथ हुई। यहां अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से 3 डिग्री अधिक था। इससे दून में उमस भी महसूस की गई। बारिश के मामले में देहरादून प्रदेशभर में दूसरे नंबर पर रहा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा मानसूनी मेघ बागेश्वर जिले में बरसे, इसके बाद देहरादून में सबसे ज्यादा बारिश हुई है।

# मुख्यमंत्री के निर्देशों पर उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की चयन प्रक्रिया स्थगित



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के द्वारा किए गए चयन और की जा रही चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। इस प्रकरण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री से भेंट कर उनको शिकायत की थी जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री ने तत्काल इस परीक्षा को स्थगित करने के निर्देश दिए। साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की गहनता से जांच कराने के भी निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड में भर्तियों में धांधलियों को लेकर मुख्यमंत्री लगातार सख्त रुख अपना रहे हैं। राज्य में इसी कड़ी में कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। पिछले दिनों जिन भी भर्तियों में धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री को मिली उन पर तत्काल कार्रवाई की गई। गलत गतिविधियों में संलिप्त तमाम लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री से भेंट कर

**■ अभाविप के पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री से भेंट कर की थी शिकायत**

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से की जा रही आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सा की भर्ती में धांधली का संदेह जताते हुए चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की प्रक्रिया की गहनता से जांच करने की मांग मुख्यमंत्री से की।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के द्वारा किये गये चयन एवं की जा रही चयन प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करते हुए सम्पूर्ण प्रक्रिया की गहनता से जांच के निर्देश दिए हैं। प्रतिनिधिमण्डल में प्रान्त कोषाध्यक्ष रमाकान्त श्रीवास्तव जी. प्रांत सह संगठन मंत्री अंकित सुन्दरियाल , प्रदेश सह मंत्री ऋषभ रावत, विभाग प्रमुख कौशल कुमार , विभाग संगठन मंत्री नागेंद्र शामिल थे। अभाविप ने त्वरित कार्रवाई पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है।

# डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुआ विकासनगर विशेष कैम्प दाखिला ख़ारिज कार्यक्रम

विकासनगर। जिलाधिकारी सोनिका की अभिनव पहल से तहसील लम्बे समय लंबित मामलों को विशेष कैम्प दाखिला खारिज लगाकर निस्तारित किये जा रहे है। जिलाधिकारी की इस अभिनव पहल से क्षेत्र के जनमानस एवं फरियादी में प्रसन्नता की लहर है। जनमानस द्वारा जिलाधिकारी की इस पहल को सराया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा समय-2 पर तहसील एवं कलेक्ट्रट परिसर स्थित कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किये गए हैं, पटल पर कोई भी पत्रावली लम्बित न रहे यदि पत्रावली किसी पटल पर लम्बित है तो उसका स्पष्ट कारण अंकित रहे। इसी क्रम में आज अपने तय कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी सोनिका तहसील विकासनगर पहुँची जहाँ आयोजित विशेष कैम्प दाखिला खारिज कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए, 1227 राजस्व वाद का मौके पर निस्तारण किया। जिसमें अविवादित दाखिल खारिज के 1155 वाद, विवादित दाखिल खारिज के 3 वाद, विरासतन के 55 वाद तथा धारा 33 / 39 के अन्तर्गत 4 वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी बताया कि विशेष दाखिला खारिज कैम्प आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि एक दिवस में सम्बन्धित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहकर विभिन्न वादों का निस्तारण करते हुए जनमानस को राहत दी जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों/लेखपालों को निर्देशित किया विभिन्न मामलों में गंभीरता पूर्व कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनमानस की समस्याओं का समय पर समाधान हो तथा शासन प्रशासन के प्रति सम्मान एवं विश्वास का भाव बना रहे।

# शेर दिल शिकारी जिम कार्बेट कैसे बने उत्तराखंड को पहचान ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 अगस्त , क्या आप जानते हैं दुनिया के सबसे जांबाज़ और मशहूर शिकारी का रिश्ता उत्तराखंड से है। जी हाँ सही समझ रहे हैं आप हम बात कर रहे हैं एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट यानी कार्पेट साहेब यानी जिम कॉर्बेट की ... लेकिन आज की नई पीढ़ी को शायद उनके बारे में ज्यादा जानकारी न हो तो चलिए हम आज उन्हीं शख्सियत से जुडी रोचक कहानी को पढ़ते हैं।

**33 आदमखोर बाघ और तेंदुए को किया ढेर**

जिम कॉर्बेट एक शिकारी और महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे. उन्होंने साल 1907 से साल 1938 के बीच कुमाऊं और गढ़वाल दोनों जगह नरभक्षी बाघों व तेंदुओं के आतंक से निजात दिलाई थी. हालांकि इसके अलावा जिम कॉर्बेट ने 6 किताबें भी लिखी हैं. इनमें से कई पुस्तकें पाठकों को काफी पसंद आईं, जो आगे चलकर काफी लोकप्रिय हुईं.

उत्तराखंड के नैनीताल में हुआ था जिम कॉर्बेट का जन्म -

मशहूर शिकारी एडवर्ड जेम्स जिम कॉर्बेट का जन्म 25 जुलाई 1875 को नैनीताल में हुआ था. नैनीताल में जन्मे होने के कारण जिम कॉर्बेट को नैनीताल और उसके आसपास के क्षेत्रों से बेहद लगाव था. उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नैनीताल में ही पूरी की. हालांकि अपनी युवावस्था में जिम कॉर्बेट ने पश्चिम बंगाल में रेलवे में नौकरी कर ली, लेकिन नैनीताल का प्रेम उन्हें नैनीताल की हसीन वादियों में फिर खींच लाया जहाँ कालाढूंगी में घर बनाया था जिम कॉर्बेट ने साल 1915 में स्थानीय व्यक्ति से कालाढूंगी क्षेत्र के छोटी हल्द्वानी में जमीन खरीदी. सर्दियों में यहां रहने के लिए जिम कॉर्बेट ने एक घर बना लिया और 1922 में यहां रहना शुरू कर दिया. लेकिन गर्मियों में वो नैनीताल में गर्मी हाउस में रहने के लिए चले जाया करते थे. उन्होंने अपने सहयोगियों के लिए अपनी 221 एकड़ जमीन को खेती और रहने के लिए दे दिया. जिसे आज कॉर्बेट के गांव छोटी हल्द्वानी के नाम से जाना जाता है. उस दौर में छोटी हल्द्वानी में चौपाल लगा करती थी. अगर if आप अब जिम कॉर्बेट की अमूल्य धरोहर को देखना चाहते हैं तो समृद्ध संग्रहालय आपका स्वागत करता है। हजारों की तादाद में देश-विदेश से सैलानी जिम कॉर्बेट से जुड़ी यादों को देखने के लिए यहाँ आते हैं ..... हृदय परिवर्तन होने के कारण जिम कॉर्बेट ने बाघों के संरक्षण के लिए काम करना शुरू कर दिया.... हालांकि उसके बाद जिम कॉर्बेट ने कभी बाघ या अन्य जानवरों को मारने के लिए बंदूक नहीं उठाई. उनके सम्मान में भारत सरकार ने साल 1955 में राष्ट्रीय उद्यान रामगंगा नेशनल पार्क का नाम बदलकर कॉर्बेट नेशनल पार्क रख दिया. जिम कॉर्बेट एक महान शिकारी थे. उनको तत्कालीन अंग्रेज सरकार आदमखोर बाघ को मारने के लिए बुलाती थी. गढ़वाल और कुमाऊं में उस वक्त आदमखोर बाघ और गुलदार ने आतंक मचा रखा था. कहा जाता है कि जिम कॉर्बेट ने 31 साल में 19 आदमखोर बाघ और 14 आदमखोर तेंदुए को ढेर किया था.न आज देश दुनिया के सैलानी उसी शेर दिल शिकारी की निशानियां देखने उत्तराखंड का रुख करते हैं।

# मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के धौलादेवी ब्लॉक के ट्रायल संपन्न

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत धौलादेवी में ब्लॉक स्तरीय ट्रायल यहां राजकीय इंटर कॉलेज गरुड़ाबांज में संपन्न हुआ।

ट्रायल का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिवेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि ब्लॉक ट्रायल में सफल रहने वाले प्रतिभागियों को अल्मोड़ा में आयोजित जिला ट्रायल में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर आयोजित ट्रायल में 8 से 9 आयु वर्ग में अंशुल सिंह, बालम सिंह, अंकिता आर्य, रिद्धि गोस्वामी, 9 से 10 आयु वर्ग में सुशील कुमार, पवन सिंह, प्राची गैड़ा, गुंजन मलारा,10 से 11 आयु वर्ग में विजय कुमार, गौरव जोशी, सोनम गैड़ा, गुंजन, 11 से 12 आयु वर्ग में नवल किशोर, चेतन मेहता, दीक्षा नेगी, गायत्री बिष्ट, 12 से 13 आयु वर्ग में पंकज, निखिलेश कुमार, कोमल बिष्ट, पूजा गैड़ा, 13 से 14 आयु वर्ग में अंकित सिंह, मोहित कुमार, अंजली, रोशनी जिला स्तरीय ट्रायल के लिए चयनित हुए। ट्रायल में महेंद्र सिंह भैसोड़ा, दिनेश चंद्र, रेखा पंत, वंदना चौधरी, महेश पंत, श्वेता नेगी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर विनोद कुमार जोशी, नवीन कांडपाल, नितेश कांडपाल, मेघा मनराल, कमलेश तिलारा, तुलसी बिष्ट, पूनम बिष्ट, धर्मेंद्र सिंह, नीरज सिंह, सोनू कुमार, हरीश चौहान, चंद्रशेखर आर्य, नृपेंद्र सिंह, नीरज सेलवाल आदि मौजूद रहे।

# ये है दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 04 अगस्त : क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन कहां है? अगर नहीं को आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ये स्टेशन दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में नहीं बल्कि अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में है. दुनिया के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन का खिताब ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल के नाम दर्ज है. यह स्टेशन साल 1901 से लेकर 1903 के दौरान बनाया गया था. इस स्टेशन के बनने के पीछे एक दिलचस्प किस्सा यह है कि इसे उस दौर में पेंसिल्वेनिया के रेलरोड स्टेशन को टक्कर देने के लिए डिजाइन किया गया था.'सबसे बड़े रेलवे स्टेशन की वो बातें जिससे लोग अनजान' इसका निर्माण उस दौर में हुआ, जब भारी भरकम मशीनें नहीं हुआ करती थीं. इस सबसे बड़े रेलवे स्टेशन को बनाने में दो साल से भी ज्यादा का वक्त लग गया था. अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह रेलवे स्टेशन इतना बड़ा है कि इसे बनाने के लिए रोज 10 हजार आदमी एक साथ काम करते थे. यह स्टेशन अपने बड़े होने की वजह से ही नहीं बल्कि वास्तुकला और डिजाइन के लिए भी जाना जाता हैइस स्टेशन पर कुल 44 प्लेटफार्म बने हुए हैं, जहां एक साथ 44 ट्रेनें ठहर सकती हैं. आपको बताते चलें कि ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल पर कई फिल्मों की शूटिंग भी की जा चुकी है. दुनिया के बाद अब भारत की बात करें तो देश के सबसे बड़े रेलवे जंक्शन का खिताब यूपी के मथुरा के नाम दर्ज है. आपको बताते चलें कि जंक्शन उन जगहों को कहा जाता है जहां एक रेलवे स्टेशन से कम से कम 3 रूट गुजरते हैं. इस तरह से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर दुनिया का सबसे लंबा प्लेटफॉर्म मौजूद है. इससे पहले यह रिकॉर्ड खड़गपुर स्टेशन के नाम पर दर्ज था.

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बजरंग दल व विहिप ने किया नगर पालिका पर प्रदर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। फुटपाथ से अतिक्रमण, ठेली, फड़ और ई-रिक्शा को हटाने के लिए गुरुवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद विकासनगर कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि विकासनगर बाजार में हाईवे फुटपाथ पर रेहड़ी, ठेली, फड़ व्यापारी अनावश्यक रूप से अतिक्रमण कर बाजार में यातयात अवरुद्ध कर रहे हैं। जिसके चलते आये दिन बाजार में जाम की समस्या बनी रहती है।

विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि विकासनगर बाजार पछुवादून से लेकर जौनसार बावर, यमुना घाटी व हिमाचल के सिरमौर जिले के लोगों का मुख्य बाजार है, जिसके चलते लोग बड़े पैमाने पर आते जाते हैं। बताया कि ठेली, फड़ व रेडी व्यापारियों ने हाईवे की मुख्य सडक से लेकर फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण कर दुकानें सजाये रहते हैं, जिसके चलते न तो बाजार में पैदल चलने के लिए जगह बचती है और नहीं वाहनों की निर्बाध रूप से आवाजाही हो पाती है। कहा कि अतिग्रमण के कारण बाजार में आये दिन हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। कहा कि प्रशासन की ओर से विकासनगर मुख्य बाजार में ई-रिक्शा प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद बडे पैमाने पर ई-रिक्शा चलाये जा रहे हैं। जिससे यातायात की अव्यवस्था बाजार में बनी रहती है। कार्यकर्ताओं ने ठेली, रेडी, फड को बाजार से अन्यत्र शिफ्ट करने, ई-रिक्शा पर बाजार में पूरी तरह से प्रतिबंधित करने, एक बार हटायी गयी ठेली फड़ को दुबारा बाजार में अनुमति न देने, ठेली, रेडी, फड़ का अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने, लावारिस पशुओं के लिए काजी हाउस बनाकर व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों को पूरा न कियो जाने पर व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शनकारियों में विनोद रावत, रोहित शाहू, विशाल शाहू, प्रदीपसकलानी, हर्ष, सौरभ आदि शामिल रहे।

# देहरादून : ई-चालान कट गया तो ऐसे करें भुगतान, नहीं होगी परेशानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 अगस्त : देहरादून वासियों के लिए एक काम की खबर है। अगर गाड़ी चलाते वक्त आपके वाहन का ई-चालान कट गया है और आप टेंशन में हैं तो हमारी ये खबर आपकी टेंशन कम कर सकती है। देहरादून में ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चला रही है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए चालानी कार्रवाई की जा रही है। इधर, आपने ट्रैफिक रूल तोड़ा नहीं कि उधर तुरंत आपके फोन पर चालान का मैसेज आ जाएगा। अब चालान कटा है तो जाहिर सी बात है टेंशन भी होगी और ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के चक्कर भी लगाने पड़ेंगे।

अरे नहीं-नहीं अब आपको दफ्तर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे भी अपना चालान भर सकते हैं। चालान कटने पर आप ऑनलाइन चालान का भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले देहरादून ट्रैफिक पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट https://dehraduntrafficpolice.uk.gov.in/ पर जाना होगा। यहां पर Pay online e-challan पर क्लिक कीजिये। इसके बाद अपना चालान नंबर और कैप्चा भरकर सब्मिट कर दीजिए। चालान की फीस का भुगतान UPI से किया जा सकता है।

इसके अलावा आप परिवहन निगम की वेबसाइट https://echallan.parivahan.gov.in पर जाकर भी Pay online के लिए अप्लाई कर Challan Details भरकर भुगतान कर सकते हैं। बता दें कि देहरादून में पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिए ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों पर नजर रखे हुए है। बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग या किसी भी तरह से ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ड्रोन और कैमरों की मदद से चालान किए जा रहे हैं। इसलिए हम आपको यही सलाह देंगे कि ट्रैफिक रूल्स की अनदेखी न करें। खुद भी सुरक्षित रहें, दूसरों की भी जान बचाएं।



# मेरी माटी मेरा देश अभियान के जनपद में सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुई बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार में आज जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरा देश अभियान को जनपद में सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उन्होने 9 अगस्त से 20 अगस्त 2023 ग्राम पंचायत स्तर से लेकर महा नगर निगम तक के आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में किसी प्रकार की दुविधा न हो इसके लिए संबंधित अधिकारी आपस में बेहतर समन्वयव बना कर कार्य करेंगे, तथा भारत सरकार एवं शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरश अनुपालन करेंगे। कहा कि आयोजित प्रत्येक कार्यक्रमों में शिलाफलकम की स्थापना, पंचप्रण शपथ एवं सैल्फी, वसुधा वन्दन, वीरो का वन्दन, तथा झण्डा रोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जायेगा। 13 से 15 अगस्त 2023 को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक नागरिक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाएंगे।

जिस हेतु उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों से अपने-अपने घरो में राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अपील की। कहा कि 27 अगस्त से 30 अगस्त 2023 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत से विकास खण्ड तथा विकास खण्ड से दिल्ली कर्तव्य पथ तक मिट्टी यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें राज्यों से लायी गई मिट्टी से विशेष वाटिका जिसे अमृत वाटिका कहा जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से



मेरी माटी मेरा देश अभियान, कार्यक्रम आयोजन की विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत, छोटे बडे शहरी निकाय में वीरों एवं बहादुरों का चिहनंकन करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के किनारे, जल निकाय, नदी, जल स्रोत पर, पंचायत कार्यालय, स्कूल या अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर शिलाफलकम की स्थापना करते हुए पंचप्रण शपथ एवं सेल्फी का आयोजन किया जाए, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपस्थित जनमानस मिट्टी अथवा मिट्टी का दीया लेकर पंचप्रण शपथ लेगें। उन्होंने वसुधा वन्दन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत वाटिका बनाने हेतु वन विभाग एवं उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि सस्ते गल्ले की दुकानों में विक्रय हेतु स्वंय सहायता समूह द्वारा निर्मित मिट्टी के दीयों एवं कलश रखना सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम का प्रचार प्रसार स्टैण्डी बैनर एवं सेल्फी प्वांइट स्थापित करवाते हुए एवं जिंगल्स आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। वहीं मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान को स्कूलों एवं कॉलेजों में समर्पित विशेष एसैम्बली सत्रों का आयोजन कराएंगे तथा छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा पंचप्रण शपथ लेना एवं वेबसाइट पर सैल्फी अपलोड करना एवं अभिभावकों को अभियान से संबंधित विशेष डायरी नोट अथवा पत्र भेजना एवं स्कूलों द्वारा स्थानीय बहादुरों एवं वीरों को सम्मानित करेंगे। सहायक परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि राज्य परिवहन विभाग की बसों, ट्रकों, ऑटो रिक्शा आदि में मेरी माटी मेरा देश अभियान से संबंधित संदेश लिखवाया जाए एवं टोल नाका चैक प्वांइट पर अभियान से संबंधित प्रचार सामग्री पंम्फलेट इत्यादि का वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान से संबंधित वेबसाइट की लिंक उपलब्ध कराते हुए जनपद स्तर पर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करना एवं विशेष मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन करना दूरदर्शन, रेडियो, आकाशवाणी आदि समस्त माध्यमों में वृहद्ध स्तर पर प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। वहीं पंचायत कार्यालयों, सरकारी स्कूलों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक स्थानों, सरकारी भवनों, बैंकों, पोस्ट ऑफिसों सहित दूग्ध विक्रय केन्द्रों में अभियान के तहत प्रचार-प्रसार सामग्री वॉल पैन्टिंग रंगोली का निर्माण, होर्डिंग, बैनर, स्टैण्डी आदि की स्थापना कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस के बर्नवाल, नगर आयुक्त ऋषिकेष राहुल गोयल, सहायक नगर आयुक्त देहरादून जगदीश लाल, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, सहायक परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, जिला पूर्ति अधिकारी विवेक शाह, जिला उद्यान अधिकारी मीनाक्षी जोशी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुई 30 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में 30 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु रोड़ मैप तैयार करने एवं योजनाओं के वार्षिक लक्ष्य प्राप्ति हेतु किए जाने वाले कार्यो के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने रेखीय विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन आपसी समन्वय से करें। साथ ही निर्देशित किया कि 30 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन में प्रगति बढ़ाते के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने रेखीय विभागों के अधिकारियों से विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए सभी विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में निमार्ण कार्य किए जाने है। उन योजनाओं में और जो भी संभावनाएं हो सकती है उनको भी प्रस्तावित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए योजना तैयार की जाए और उस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने पर्यटन स्थलों को विकसित करने तथा पर्यटन स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं बनाने तथा इको टूरिज्म के विविध योजनाओं की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।



उन्होने नगर निगम को शहरी क्षेत्र में कूड़ा संग्रहण, डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन, सफाई व्यवस्था, सरकारी परिसम्पत्तियों पर अवैध अतिक्रमण/अनाधिकृत कब्जा हटाने अद्यतन सूचना संकलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विकास विभाग, लोनिवि, पीएमजीए-सवाई, युवा कल्याण, राजस्व आदि संबंधित विभागों को 30 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि विभागों को कार्य एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए कार्य प्रगति की सूचना संकलित करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस.के बरनवाल, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश राहुल गोयल, अपर नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून जगदीश लाल, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शशि कांत गिरी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, सहायक अर्थ एवं संख्याधिकारी पी.एस भण्डारी सहित रेखीय विभागों के अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे।

## बागेश्वर में चार मकान क्षतिग्रस्त, सात सडक़ों में यातायात प्रभावित

बागेश्वर। मौसम विभाग के औरेंज अलर्ट के बाद डीएम ने गुरुवार को जिले के सभी कक्षा एक से 12 तक के स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश जारी किए थे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इसके बावजूद पिछले दिनों हुई बारिश के कारण दुश्वारियां बरकरार हैं। जिले में चार मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि सात सडक़ों पर आवाजाही दूसरे दिन भी बंद रही। चंडिका मार्ग पर फल्टनियां में भूस्खलन से कई खेतों में दरार आ गई है। जबकि मां चंडिका वैंक्वट हॉल की सुरक्षा दीवार ढह गई है। इससे बैंक्वट हॉल को खतरा बना हुआ है। उधर, कपकोट से पोथिंग जाने वाले यात्री जान जोखिम में डालकर आवाजाही को मजबूर हैं। असों डणूं के पास स्कबर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली और पानी का भी संकट बना हुआ है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि बंद मार्ग खोलने का कार्य जारी है।

**मकान और गोशाला क्षतिग्रस्त**

गरुड़/धरमघर। कत्यूर घाटी में तीन मकान और एक गोशाला क्षतिग्रस्त हो गए। तहसीलदार तितिक्षा जोशी ने बताया कि बीते दो दिनों में हुई अतिवृष्टि से राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र डंगोली के अंतर्गत मेहरघेटी गांव निवासी कृपाल सिंह पुत्र खीम सिंह व बूंगा गांव निवासी कुंवर राम पुत्र लछम राम का आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गया। धरमघर में नाकुरी पट्टी के चौनाला गांव निवासी त्रिलोक सिंह, मधन सिंह पुत्रगण स्व. रतन सिंह, तारा सिंह, मोहन सिंह, सुंदर सिंह पुत्रगण स्व. किशन सिंह के घर के पीछे की पहाड़ी दरक गई। गोशाला और रसोई में मलबा आ गया है। पूर्व विधायक ललित फस्वाण ने प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम में टेंडर निरस्त होने पर भडक़े पार्षद

रुडक़ी। मेयर के इस्तीफा के बाद नगर निगम ने अचानक 75 टेंडर को निरस्त कर दिया है। टेंडर निरस्त के बाद एक खेमे के पार्षद भडक़ गए। मामले को लेकर आगे सियासत और गर्माने के आसार हैं। नगर निगम सभागार में पार्षदों के एक खेमे ने प्रेसवार्ता की। पार्षदों का कहना है कि 24 जुलाई को निगम ने वार्डों में विकास कार्य से संबंधित 75 टेंडर निकाले थे। अचानक से निगम ने टेंडर निरस्त कर दिए। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त को इसका कारण बतना चाहिए। इस मामले में दबाव की बात भी पार्षदों ने कही। पार्षदों ने कहा कि टेंडर निरस्त कर शहर के विकास में जो लोग बाधक हैं, उनके नाम भी सार्वजनिक किए जाएं।

### जल संरक्षण पर लिखी किताब को मिलेगा पुरस्कार

रुडक़ी। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान ने वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण विषय पर केंद्रित पुस्तक को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना है। तकनीकी पुस्तक लेखन योजना के तहत चयनित इस पुस्तक के लेखक सहायक कृषि अधिकारी सुक्रम पाल सिंह, श्रीगोपाल नारसन और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली में मुख्य तकनीकी अधिकारी के रणवीर सिंह हैं। मुख्य अतिथि की ओर से यह पुरस्कार संयुक्त रूप से 7वीं राष्ट्रीय जल संगोष्ठी के समापन समारोह में 17 अगस्त को दिया जाएगा। यह जानकारी एनआईएच के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी वैज्ञानिक डी प्रभाष कुमार मिश्र ने दी। नेशनल बुक ट्रस्ट के ट्रस्टी साहित्यकार डॉ. योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण ने तीनों लेखकों को बधाई दी है।

### जीआरपी ने किया यात्रियों को जागरूक

रुडक़ी। जीआरपी ने रेल सुरक्षा माह के तहत लक्सर रेलवे स्टेशन पर लोगों को सतर्क किया। इस दौरान महिलाओं को गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दी गई। जीआरपी की ओर से रेलवे सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लक्सर जीआरपी थानाध्यक्ष ममता गोला के साथ पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों को सुरक्षा को लेकर जानकारी दी। नके साथ सरयू सैनी, कांस्टेबल जयपाल सैनी, राजेंद्र नाथ मेहंदीरत्ता, अनुज कुमार, रविंद्र कुमार, विमल कुमार, कृष्णपाल, संतोष कुमार, रजनीश कुमार, गोपाल, रमेश, सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### गुस्साए भारूवाला के लोगों ने की बिजलीघर पर तालाबंदी

रुडक़ी। भारूवाला के ग्रामीण पूरी रात बिजलीघर पर वहीं डटे रहे और धरना जारी रखा। नाराज लोगों ने निगम कर्मचारियों को बाहर कर सारे कार्यालय बंद करा दिए। खानपुर के भारूवाला गांव को अभी खानपुर फीडर से बिजली मिलती है। इस फीडर पर क्षमता से अधिक लोड होने से आपूर्ति बाधित रहती है। इस पर ऊर्जा निगम ने भारूवाला के लोगों की सहमति से उनकी आपूर्ति गोवर्धनपुर फीडर से जोडने का निर्णय लिया था। उन्होंने कई बार फीडर बदलने की कोशिश की लेकिन गोवर्धनपुर के लोगों के विरोध की वजह से आपूर्ति बदली नहीं जा सकी। फिर निगम ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था। फीडर नहीं बदलने से नाराज भारूवाला के काफी लोग बुधवार को लक्सर बिजलीघर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। अंधेरा होने तक भी सुनवाई नहीं होने के कारण ग्रामीण पूरी रात धरनाथल पर ही मौजूद रहे। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक कोई अधिकारी उनसे बात करने नहीं आया। इससे आक्रोशित लोगों ने उर्जा निगम कर्मचारियों को दफ्तरों से बाहर निकालकर तालाबंदी कर दी।

### खानपुर को दुर्गम ब्लॉक घोषित करे शिक्षा विभाग

रुडक़ी। राजकीय शिक्षक संघ द्वारा गोवर्धनपुर हाईस्कूल में हुई बैठक में शिक्षकों ने खानपुर ब्लॉक को जिले का सबसे पिछड़ा क्षेत्र बताया। साथ ही शिक्षा विभाग से पूरे खानपुर ब्लॉक को दुर्गम घोषित करने की मांग की। बाद में सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी में संरक्षक, महिला मंत्री और आय-व्यय निरीक्षक नामित किए गए।

# कपिल सिंह का कद बढ़ाया गया, निर्माण विंग के मुख्य महा प्रबंधक बने, मुख्यमंत्री का विजन करेंगे साकार

**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 3 अगस्त, उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम में अफसरों के बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं । खास बात यह है कि इस बार उन अधिकारियों को खास तवज्जो दी गई है जो फील्ड से लेकर ऑफिस तक रिजल्ट ओरिएंटेड और विकास योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के मामले में शानदार रिकॉर्ड रखते हैं ।

विभाग के मुखिया और सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी के आदेश पर जिन अधिकारियों के तबादले किए गए हैं उनमें सबसे अहम नियुक्ति कपिल सिंह की हुई है जो अपनी कार्यकुशलता के लिए जाने जाते है,उनका इतिहास रहा कि उन्होंने जिस प्रोजेक्ट को हाथ में लिया या उन्हें सौंपा गया वो मिल का पत्थर साबित हुआ,अभी तक कपिल सिंह महाप्रबंधक(निर्माण विंग) कुमाऊं एवं अधीक्षण अभियंता,अल्मोड़ा के पद पर तैनात थे जिन्हे पेयजल निगम के निर्माण विंग का सीजीएम बनाया गया है,कपिल सिंह एक अनुभवी और कुशल इंजीनियर तो है ही बल्कि मृदुभाषी और सौम्य व्यवहार के धनी है,कपिल सिंह के कुशल नेतृत्व में हुए निर्माण कार्य उच्च कोटि के है और निर्धारित समय अवधि से पूर्ण तैयार कराए गए है,कपिल सिंह जिस तेजी से निर्माण कार्यों को पूर्ण करते है उससे ने केवल सरकार के राजस्व की बचत होती है बल्कि पेयजल की उम्दा छवि में भी इजाफा होता है।

अनुपम रतन महाप्रबंधक गढ़वाल निर्माण विंग पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम देहरादून को अब मुख्य अभियंता और तकनीकी सलाहकार राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप यानी नमामि गंगे के पद पर तैनात किया गया है । वही बात करें एक और अहम तबादले की तो उसमें अधीक्षण अभियंता मृदुला सिंह , निर्माण मंडल उधमसिंह नगर को महाप्रबंधक कुमाऊं निर्माण विंग उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम हल्द्वानी के पद पर तैनात किया गया है। इसी कड़ी में एक और अहम फेरबदल हुआ है महाप्रबंधक मुख्यालय एवं महाप्रबंधक प्रशासन पेय जल निगम सोहित कुमार बरनवाल का , जिन्हें अब महाप्रबंधक गढ़वाल निर्माण विंग उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम देहरादून के पद पर तैनात किया गया है और उन्हें बाकी के सभी विभाग यथावत सौंपे गए हैं।

भू सर्वेक्षण प्रधान कार्यालय उत्तराखंड से सम्बद्ध महाप्रबंधक अनुज कौशिक को भी इन ताज़ा तबादलों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है कौशिक को इकाई समन्वयक , परियोजना प्रबंधन इकाई, स्वजल परियोजना के पद पर पूर्णकालिक रूप से तैनाती दे दी गई है

इन नए फेरबदल के पीछे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उन महत्वाकांक्षी योजनाओं को परवान चढ़ाना है जो केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुखताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए जिस तरह से योजनाओं को लागू कर रहे हैं उन्हें धरातल पर साकार करना अब इन्हीं अनुभवी अफसरों के कंधे पर होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस नई तैनाती के बाद पेयजल जैसे अहम विभाग में फाइलों की रफ्तार और जनता की शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी।

# फ्रांस पढ़ने जा रहे छात्रों को अब मिलेगा पांच साल का पोस्ट स्टडी वर्क वीजा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 अगस्त , फ्रांस में पढ़ रहे भारतीय छात्र खुशी मना सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों घोषणा की कि फ्रांस में मास्टर डिग्री हासिल करने वाले भारतीय छात्रों को अब अध्ययन के बाद पांच साल का दीर्घकालिक वीजा दिया जाएगा. आप को मालूम हो कि पहले उन्हें सिर्फ दो साल का वर्क वीजा दिया जाता था. मोदी ने पेरिस में एलए सीन म्यूजिकल में भारतीय समुदाय को अपने संबोधन के दौरान यह घोषणा की.

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, पिछली बार जब मैं फ्रांस आया था, तो यह निर्णय लिया गया था कि फ्रांस में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों को अध्ययन के बाद 2 साल का कार्य वीजा दिया जाएगा. अब, यह निर्णय लिया गया है कि फ्रांस में मास्टर्स की पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों को 5 साल का दीर्घकालिक पोस्ट स्टडी वीजा दिया जाएगा.

फ्रांस लगातार वैज्ञानिकों, प्रबंधकों, इंजीनियरों, विचारकों, कलाकारों और लेखकों के बीच एक पसंदीदा अध्ययन और कार्यस्थल रहा है. देश की जीवंत सांस्कृतिक छवि और गहरी जड़ें रोजमर्रा के अस्तित्व में व्याप्त हैं, जबकि अंतर-राष्ट्रीय छात्रों को गले लगाने के लिए इसका अटूट समर्पण, असाधारण शिक्षा के प्रावधान के साथ मिलकर, इसे उच्च अध्ययन के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाता है.


साभार - सो.मी.

आप को बता दें कि फ्रांस विदेशी छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला चलता है , भले ही उनकी फ्रेंच भाषा में दक्षता कैसी भी हो. ये कार्यक्रम 2.7 मिलियन छात्रों की आकांक्षाओं को अपने में समेटे हुए है , जिनमें से 14% विदेशी छात्र हैं.

अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता के मामले में, फ्रांस सबसे आकर्षक देशों में से एक के रूप में प्रमुख स्थान रखता है. अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए चौथे सबसे अधिक मांग वाले गंतव्य के रूप में रैंकिंग में, यह संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के बाद आता है. विशेष रूप से, फ्रांस अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बीच सबसे लोकप्रिय गैर-अंग्रेजी भाषी देश के रूप में जाना जाता है.2019 में, 10,000 भारतीय छात्र फ्रांस में उच्च अध्ययन करने गए थे. 2020 और 2021 में भी, फ्रांस ने भारतीय छात्रों का स्वागत किया और उन्हें Covid स्थिति में मदद करने के लिए विशेष सहायता प्रदान की. भारत और फ्रांस के दिनोदिन मज़बूत होते रिश्ते भारतीयों को शिक्षा और रोज़गार के क्षेत्र में नए मौके अवश्य प्रदान करेंगे, ऐसी उम्मीद तो की जा सकती है.

# उत्तराखंड में ANM के 330 पदों पर भर्ती जल्द

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 04 अगस्त : उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल किसी से छिपा नहीं है। स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश में एएनएम के खाली पदों को भरा जाएगा। प्रोसेस शुरू हो गया है। भर्ती के माध्यम से अस्पतालों में एएनएम के 330 पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनाती की जाएगी ।साथ ही चतुर्थ श्रेणी के 2500 पदों को भी आउटसोर्स के माध्यम से भरा जाएगा। ये जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी। बीते दिन शासकीय आवास स्थित कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अपने जिलों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही इनकी नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। ये भी कहा कि ब्लॉक स्तर पर गठित होने वाली रोगी कल्याण समिति व जिला स्वास्थ्य प्रबंधन समिति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की मदद और अस्पताल के बेहतर संचालन के लिए रोगी कल्याण समिति के गठन के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तर पर गठित जिला स्वास्थ्य प्रबंधन समिति का पुनर्गठन कर जनसहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए चलाई जा रही खुशियों की सवारी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके। अस्पताल में प्रसव को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में बड़े स्तर पर अभियान चलाए जाएंगे।




# ₹2,000 के 88% नोट बैंकों में वापस आ गए : आरबीआई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 अगस्त , एक मीडिया हॉउस की रिपोर्ट बताती है कि देश के तमाम बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आरबीआई ने दावा किया है कि 31 जुलाई, 2023 तक प्रचलन से वापस लौट चुके ₹2,000 के बैंक नोटों का कुल राशि ₹3.14 लाख करोड़ रूपये है. रिजर्व बैंक ने अपने ताजा रिपोर्ट में 1 अगस्त को कहा कि मई 2023 में हाई वैल्यू वाले नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी. तब से देश के सभी बैंक धीरे-धीरे एक बैंकिंग प्रक्रिया के बाद ₹3.14 लाख करोड़ मूल्य के ₹2,000 बैंक नोटों की वापसी कर ली. जो कुल राशि करीब 88% बैंकिंग प्रणाली में फिर से वापस आ गए हैं.



प्रतीकात्मक चित्र

बैंकों से प्राप्त आंकड़े ये भी बता रहे हैं कि सारी राशि बदलेन ना होकर कई सारे तरीक़े और जमा स्कीम के माध्यम से सिस्टम में वापसी की है. केंद्रीय बैंक ने अपने एक बयान में कहा, ₹परिणामस्वरूप, 31 जुलाई को कारोबार की समाप्ति पर ₹2,000 के बैंक नोट प्रचलन में ₹0.42 लाख करोड़ थे.

19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे ₹2,000 के बैंक नोटों में से 88% वापस आ गए हैं. सर्कुलेशन में ₹2,000 के बैंकनोटों का कुल मूल्य, जो 31 मार्च, 2023 को ₹3.62 लाख करोड़ था, 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर ₹3.56 लाख करोड़ हो गया था. प्रचलन से वापस प्राप्त ₹2,000 मूल्यवर्ग के कुल बैंकनोटों में से, लगभग 87% जमा के रूप में आए और शेष लगभग 13% को अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में बदल दिया गया है.

रिज़र्व बैंक ने जनता से 30 सितंबर, 2023 से पहले आखिरी कुछ दिनों में किसी भी भीड़ से बचने के लिए अपने पास मौजूद ₹2,000 के बैंक नोटों को जमा करने और/या बदलने के लिए अगले दो महीनों का उपयोग करने का आग्रह किया है.2,000 रुपये के नोट को वापस लेने के आरबीआई के फैसले ने सोना-चांदी खरीदारी को बढ़ा दिया है.

मुंबई के सोना बाजार में कुछ जौहरी करेंसी नोट स्वीकार करने के लिए कीमती धातु पर प्रीमियम चार्ज कर रहे हैं. आरबीआई के फैसले के एक दिन बाद शनिवार की दोपहर, अनौपचारिक बाजार में ₹2,000 के नोटों के साथ भुगतान किए जाने पर सोना लगभग ₹67,000 (प्रति 10 ग्राम) में बेचा गया, जबकि आधिकारिक दर ₹63,800 (जीएसटी सहित) थी.

# उत्तराखंड पुलिस के हेड कांस्टेबल संतोष को सैल्यूट वर्ल्ड लेवल पर तीरंदाजी में जीते दो गोल्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 04 अगस्त : उत्तराखंड के पुलिसकर्मी जितने कर्मठ और ईमानदार अपने ड्यूटी के प्रति हैं, उतनी ही मेहनत और लगन से इंटरनेशनल लेवल पर हमारी देवभूमि और भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आज खबर हम आपके लिए लेकर आए हैं वह आपको भी खुश और गौरवान्वित कर देगी। दरअसल उत्तराखंड पुलिस के हेड कांस्टेबल संतोष कुमार ने अंतरराष्ट्रीय सरकार देवभूमि का नाम रोशन किया है। उन्होंने कनाडा में चल रहे वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 में कमाल किया है।

उन्होंने इतना शानदार प्रदर्शन किया है कि वे देवभूमि के हिस्से दो गोल्ड मेडल लेकर आए हैं। जी हाँ, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार ने तीरंदाजी में दो गोल्ड मेडल जीतकर उत्तराखंड और उत्तराखंड पुलिस का नाम बढ़ाया है। हेड कांस्टेबल संतोष कुमार की इस उपलब्धि पर डीजीपी अशोक कुमार ने बधाई दी है। दरअसल उत्तराखंड पुलिस में हेड कांस्टेबल और बागेश्वर में तैनात खिलाड़ी संतोष कुमार ने उत्तराखंड और उत्तराखंड पुलिस का मान बढ़ाया है। हेड कांस्टेबल संतोष कुमार ने कनाडा में 28 जुलाई 2023 से 8 अगस्त 2023 तक आयोजित किए जा रहे वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



साभार - सो.मी.

संतोष कुमार ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में तीरंदाजी में दो स्वर्ण पदक हासिल कर उत्तराखंड पुलिस का सिर गौरव से ऊंचा किया है। बता दें 28 जुलाई से 8 अगस्त तक कनाडा में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वैश्विक स्तर पर पूरी दुनिया के सुरक्षाबलों के खिलाड़ी पार्टिसिपेट करते हैं और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हैं। उत्तराखंड पुलिस से सेलेक्ट हुए खिलाड़ी संतोष कुमार ने तीरंदाजी विधा में अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया है और उन्होंने दो गोल्ड मेडल हासिल किए हैं। डीजीपी अशोक कुमार ने उनके लिए ट्वीट लिखते हुए उनको शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा : ₹ कनाडा में आयोजित हो रहे वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 में Uttrakhand-Police के खिलाड़ी ने दो स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है। HC संतोष कुमार ने तीरंदाजी स्पर्धा में यह पदक जीते हैं।

# इस चाहत ने 78 साल के बुजुर्ग को दिलाया 9th Class में दाखिला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 04 अगस्त : मुफलिसी के आगे बेबस जरूर हुये लेकिन झुके नहीं। संघर्ष की भट्टी में तपते-तपते हुये उन्होंने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे। पढ़ाई करनी चाही लेकिन गरीबी आड़े आती रही। अब उम्र 78 हो गयी है लेकिन अंग्रेजी को जूनून ऐसे सिर चढ़कर बोला कि इस उम्र 9th Class में दाखिला लिया और तीन किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाते हैं।

यह कहानी है मिजोरम-म्यांमार सीमा से लगे चम्फाई जिले के एक गांव में एक 78 वर्षीय व्यक्ति की। विस्तार कुछ इस प्रकार से है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि 1945 में चम्फाई जिले के खुआंगलेंग गांव में जन्मे लालरिंगथारा के सिर से कम उम्र में अपने पिता का साया उठ गया। हालात य थे कि दो रोटी की खातिर लिए वह अपनी मां के साथ खेतों में मजदूरी करने लगे। पढ़ने की इच्छा तो थी लेकिन गरीबी ने यह इच्छा पूरी नहीं होने दी।

मीडिया रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि लालरिंगथारा ने दूसरी कक्षा तक खुआंगलेंग में पढ़ाई की। 1995 में उनकी पढ़ाई में ब्रेक आ गया, जब उनकी मां न्यू ह्रुकावन गांव में शिफ्ट हो गईं।

केवल तीन साल बाद ही वह उसे पांचवीं कक्षा में दाखिला दिलाने में सफल रहीं। लेकिन, पढ़ाई जारी रखने का उनका सपना अधूरा ही रह गया। इसके बाद रिश्तेदारों की देखभाल में वह रहने लगा। लालरिंगथारा अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए धान के खेतों में काम करते थे। तमाम दिक्कतों के बाद वह मिजो भाषा में साक्षर बनने में सफल रहे। वर्तमान में एक चर्च चौकीदार के रूप में कार्य करते हैं।





साभार - सो.मी.

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अंग्रेजी सीखने की उनकी इच्छा ने उन्हें इस उम्र में भी स्कूल लौटने के लिए प्रेरित किया, और उनकी महत्वाकांक्षा केवल अंग्रेजी में आवेदन पत्र लिखने और टेलीविजन पर प्रसारित समाचारों को समझने में सक्षम होना है।

## परंपराओं को अभिव्यक्ति देती कहानियां समाज की संवाहक

देहरादून। साहित्यकार डॉ. नंदकिशोर हटवाल ने कहा है कि कोई भी कहानी संग्रह, तभी अच्छा कहलाता है जब भाषा सहज, सरल और बोधगम्य हो, शब्दों का प्रवाह हो। उन्हें वह 'रुकी हुई नदी' कहानी संग्रह में दिखाई दिया। बतौर मुख्य अतिथि बृहस्पतिवार को साहित्यकार शूरवीर रावत के कहानी संग्रह 'रुकी हुई नदी' की पुस्तक समीक्षा बैठक में उत्तरांचल कंपलेक्स हरिद्वार रोड में वह बोले कि लेखक घुमक्कड़ स्वभाव के हैं। उन्होंने अनेक राज्यों का भ्रमण कर अपने अनुभवों को कहानियों के रुप में पिरोया है। रमाकांत बेंजवाल ने कहा कि हमारी परंपराओं को अभिव्यक्ति देती कहानियां समाज की संवाहक है। शशि भूषण बडोनी ने कहा कि, शूरवीर रावत की कहानियां लोक संस्कृति, भाषा, साहित्य व लोकरंग प्रदर्शित करती है। साहित्यकार महावीर रवांल्टा ने कहा है कि उनकी लिखी कहानियां पूर्वोत्तर भारत के जनजीवन व संस्कृति को लेकर है जो हमारे लिए नई खिड़कियां खोलती है।

## ऑनलाइन ग्रीन टी मंगाने के झांसे में गंवाए 28 हजार

देहरादून। ऑनलाइन ग्रीन टी मंगवाने में महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि असमा उसमानी निवासी नामदेव कॉलोनी ने तहरीर दी। बताया कि उन्होंने अमेजन साइट पर ग्रीन टी आर्डर की थी। वह आठ से 12 जुलाई के बीच आनी थी। इस बीच आर्डर नहीं आया। 13 जुलाई को ट्रैक किया। डीसीटीसी साइट पर सपर्क के लिए इंटरनेट पर नंबर ढूंढा। एक नंबर पर संपर्क किया तो बताया गया कि आर्डर रोक दिया गया है। डिलीवरी एक्टिवेट करने के लिए दो रुपये का भुगतान करना है। भुगतान के लिए पीड़िता को व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट बंधक बनाने में किन्नर रजनी रावत समेत 35 पर मुकदमा

देहरादून। मारपीट और बंधक बनाने में किन्नर रजनी रावत समेत उनके 35 चेलों के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज कराने वाला भी दूसरे गुट का किन्नर है। पुलिस साक्ष्य जुटाकर आरोपों की जांच कर रही है। शहर कोतवाल राकेश गुसाईं ने बताया कि किन्नर निशा चौहान निवासी शास्त्रीनगर वसंत विहार ने तहरीर दी। आरोप लगाया कि उसे बीते 25 जुलाई को गुरु बिंदु ने हाथी बडक़ला स्थित डेरे में बुलाया। आरोप है कि वहां रजनी रावत अपने 30-35 चेलों के साथ मौजूद थी। आरोप है कि वहां निशा के साथ मारपीट की गई। कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद पुलिस कार्रवाई न करने की धमकी दी गई। आरोप है कि पूरी रात बंधक बनाकर रखा गया। वहां रजनी रावत ने कैमरे वाला बुलाया। उससे कैमरे की सारी रिकार्डिंग डिलीट करा दी गई।

### डालनवाला थाने में किया पौधरोपण

देहरादून। पर्यावरण एवं जन कल्याण समिति की ओर से गुरुवार को थाना डालनवाला के परसिर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर समिति की अंजलि पंवार, रीना, दिव्या नेगी, अमित ,कृष्णा दानू, रेनबो दून फाउंडेशन की विशाखा, राष्ट्रीय सेवा योजना की कंचन नेगी, कृष्णा, युवराज बिष्ट, मीनाक्षी, विवेक, दिव्या, दीक्षा, टीना, लविका, गौतम आदि मौजूद रहे।

### पांच पेटी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। पांच पेटी शराब के साथ अलग-अलग स्थानों से दो आरोपी रायपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि गुरुवार को चेकिंग करते हुए खलंगा तिराहे के पास से स्कूटर सवार अनमोल सिंह (21) निवासी गुरुद्वारा वाली, पटेलनगर और सीक्यूएआई तिराहे के पास से स्कूटर सवार राकेश (24) निवासी गांधीग्राम, पटेलनगर को गिरफ्तार किया गया। अनमोल से दो और राकेश से तीन पेटी अवैध शराब मिली। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मैंगो पार्टी में लिया मलीहाबादी आम का स्वाद

रुडक़ी। सैंट माक्र्स एकेडमी सीनियर सैकेंड्री स्कूल में मैंगो पार्टी में लोगों ने दशहरी, कलमी, लंगड़ा, मलिहाबादी, रटौल, तोतापरी आम का स्वाद लिया।

मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत रहे। विद्यालय निदेशक कुंवर जावेद इकबाल ने बच्चों को आम बांटे। पार्टी में राव आफाक, सुभाष सरीन, सुरजीत सिंह, कुंवर जियाउद्दीन अहमद, अफरोज, खलील अहमद, कुलदीप त्यागी, अभिषेक चन्द्रा, पूजा नंदा, श्रीगोपाल नारसन, मुकेश मसीह, वीरेन्द्र जैन, राजेश चन्द्रा आदि मौजूद रहे। आयोजन अब्दुल मजीद मैमोरियल वेलफयर एजुकेशनल सोसायटी ने किया।

### मेयर से की फॉगिंग करवाने की मांग

देहरादून। कैंट विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को देखते हुए भाजयुमो जीएमएस मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने मेयर सुनील उनियाल गामा को ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में नालों की सफाई और फॉगिंग कराने की मांग की है। मेयर ने इस पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री राजेश रावत, जीएमएस मंडल अध्यक्ष चन्द्रसागर उनियाल, चन्दा, उपाध्यक्ष भास्कर शंखधर, रवि यादव, मंत्री ईशा सूद, अभिषेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष उज्जवल गुप्ता, नवीन जोशी शामिल रहे।

### 65 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

देहरादून। 65 ग्राम स्मैक के साथ भगवानपुर के तस्कर को पटेलनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी यहां अपनी बाइक से नशा सामग्री लेकर पहुंचा था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर स्मैक बरामद किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात चंद्रबनी चौक से 200 मीटर अंदर भुत्तोवाला चौक की तरफ पुलिया के पास बाइक सवार संदिग्ध को रोका गया। तलाशी ली गई तो आरोपी से स्मैक बरामद हुई। स्मैक मिलने पर आरोपी को पटेलनगर थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# देहरादून : बाप रे बाप फिर टमाटर 250 पार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 अगस्त : टमाटर के दाम कम होने का नाम नहीं ले रहे है। बरसात के मौसम में यूं तो हर वर्ष ही सब्जियां महंगी हो जाती हैं मगर टमाटर ने तो लोगों की जान ही निकाल दी है। एक मध्यमवर्गीय परिवार से तो जैसे टमाटर कहीं गायब ही हो गया है। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि उत्तराखंड में टमाटर के दाम एक बार फिर से आसमान पर पहुंच गए हैं और टमाटर 240 तक जा पहुंचे हैं। वहीं फुटकर मंडी में टमाटर के दाम 80 से बढ़कर 180 से 200 प्रति किलो तक पहुंच गए हैं।

बीते दिनों जब टमाटर के रेट्स आसमान छू रहे थे तब देहरादून प्रशासन ने आम आदमी की सुध ली थी और टमाटर के रेट्स थोड़े कम किए थे मगर अब प्रशासन वापस से ढीला पड़ गया है और टमाटर के रेट्स 200 के पार पहुंच गए हैं। बता दें कि बीते दिनों जिला प्रशासन के आदेश के बाद उप जिला अधिकारी एवं तहसीलदार की टीम ने टमाटर के मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए छापेमारी भी की थी। तब उनके दामों में कमी आई थी।

मगर प्रशासन के ढीले पड़ने के बाद एक बार फिर से सब्जी विक्रेताओं ने टमाटर के रेट्स बढ़ा दिए हैं। अब ऋषिकेश एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में टमाटर के दाम दोबारा बढ़ गए हैं। स्थिति यह है कि बीते दिन ऋषिकेश के फुटकर बाजार में टमाटर 200 से 240 प्रति किलो की दर पर बिके। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि टमाटर के भाव आखिर बढ़ क्यों रहे हैं।

दरअसल इन दिनों बरसात का जोर उत्तराखंड पर चल रहा है और आए दिन मौसम बिगड़ रहा है, जिस वजह से सड़कें खराब हो रही हैं और थोक मंडी तक टमाटर पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। हिमाचल से आने वाले टमाटर भी इस बार काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं, क्योंकि वहां भी सड़कें खराब हैं, जिस वजह से थोक मंडी में पर्याप्त मात्रा में टमाटर नहीं पहुंच पा रहे हैं और उस वजह से उनके रेट भी बढ़ रहे हैं। ऋषिकेश कृषि उत्पादन मंडी समिति के अनुसार टमाटर पहले रोजाना 150 से 250 क्विंटल तक आते थे मगर अब यह प्रतिदिन 20 से 30 क्विंटल ही आ पा रहे हैं। ऐसे में इसकी आपूर्ति कम हो गई है और डिमांड बढ़ गई है। बेसिक इकनोमिक अनुसार डिमांड और सप्लाई एक दूसरे के पूरक नहीं होते हैं। ऐसे में जब डिमांड बढ़ती है और सप्लाई कम होती है तो प्राइस अपने आप बढ़ जाता है और यही वजह है कि टमाटर के दामों में में वृद्धि हो रही है।



# एक ऐसा गांव जहां के लोग खाना भारत में बनाते हैं और सोने दूसरे देश जाते हैं


न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 04 अगस्त : आपने काफी अजब गांवों के गजब कारनामे देखे और सुने होंगे लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि भारत में एक गांव ऐसा भी है जहां खाना भारत में बनता है और सोने दूसरे देश में जाते हैं। दरअसल ये वास्तविकता है और ये गांव है भारत-मयांमार सीमा पर। जहां के लोग खाना भारत के किचन में बना रहे हैं पर सोने के लिए दूसरे देश में जाते हैं। यहां यह कभी-कभार नहीं बल्कि हर रोज की दिनचर्या है इस गांव का नाम है लोंगवा जो कि भारत के नागालैंड में पड़ता है और म्यांमार बॉर्डर पर यह गांव पड़ता है। लोंगवा गांव को भारत देश का आखिरी गांव के नाम से भी जाना जाता है। मतलब यह गांव दो देशों के अलग अलग हिस्सों में आधा-आधा बंटा हुआ है। यह गांव नागालैंड के मोन जिले में बसा हुआ है जो देश के आखिरी गांव के नाम से भी जाना जाता है। तो आइए आपको हम इस गांव के एक नहीं बल्कि कई रोचक तथ्यों एवं जानकारियों से रूबरू करवाते हैं जो आपको बिल्कुल अचंभित कर देगी। गांव का एक हिस्सा भारत के नागालैंड में है तो दूसरा म्यांमार में है। भारत के इस गांव का अलग-अलग हिस्सा होने की वजह से गांव के कुछ लोगों का किचन भारत में है तो बेडरूम म्यांमार में है। इस वजह से लोग खाना खाने भारत आते हैं और सोने म्यांमार देश जाते हैं। इतना ही नहीं भारत से कुछ लोग म्यांमार खेती भी करने जाते हैं तो वहीं कुछ लोग म्यांमार से भारत खेती करने आते हैं। एक और बड़ी खास बात इस गांव की ये है कि इस गांव के मुखिया की एक दो नहीं बल्कि 60 पत्नियां है। इस गांव के मुखिया का नागालैंड के अलावा अरुणाचल प्रदेश और म्यांमार सहित 70 से अधिक गांव में पूरा प्रभुत्व बना हुआ है

# शादी के 5 दिन बाद ही ससुराल से 9 तोला सोना व नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




काशीपुर 04 अगस्त : शादी के 5 दिन बाद ही ससुराल से 9 तोला सोना व नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन को पुलिस ने प्रेमी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताते चलें कि नई बस्ती कटोराताल निवासी इसरार अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 21 जून को उन्होंने अपने पुत्र इकरार की शादी मुस्लिम रीति रिवाज के साथ काशीपुर निवासी तय्यबा उर्फ आयशा के साथ किया था। आरोप था कि विवाह के 5 दिन बाद ही उनकी बहू 9 तोला सोने-चांदी के जेवरात और 50 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गई।

पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि युवती शादी से पूर्व बिजनौर निवासी फरमान से प्यार करती थी। जिस पर पुलिस ने दोनों के मोबाइल की सीडीआर खंगाली और आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू कर दी। तो बीते दिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवती व उसके प्रेमी फरमान को चोरी के जेवरात व नकदी के साथ ढेला पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में युवती ने बताया कि वह फरमान से शादी करना चाहती थी। लेकिन किसी कारणवश उनकी शादी नहीं हो पा रही थी। इस बीच उसकी शादी कहीं और तय हो गई। जब यह बात उसने फरमान को बताई तो फरमान ने एक योजना बनाई कि शादी कर लो और शादी के दूसरे दिन सारे जेवरात व नकदी लेकर उसके पास भाग आंऊ। योजना के तहत युवती ने शादी कर ली और मौका पाकर वहां से जेवरात व नकदी लेकर बिजनौर भाग गई। जहां से वह फरमान के साथ चंडीगढ़ चली गई। जहां मौज मस्ती करते हुए रुपये खत्म होने पर उन्होंने धीरे-धीरे जेवरात को बेचना शुरू कर दिया। बीते दिन भी वह लोग जेवरात बेचने यहां आए थे और उससे मिलने वाले रुपयों के साथ चेन्नई भागने वाले थे। लेकिन पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

# लंच के बाद क्यों जरूरी है 15 मिनट की नींद ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



प्रतीकात्मक चित्र

ब्यूरो रिपोर्ट, 4 अगस्त , लंच में खाना खाने के बाद अक्सर लोगों को नींद आने लगती है। ये असल में शरीर में फील गुड हार्मोन बढ़ने की वजह से हो सकता है। होता ये है कि जब आप खाना खाते हैं तो शरीर में सेरोटोनिन हार्मोन बढ़ता है जिससे आप सुस्त और आलसी महसूस करते हैं। लेकिन कुछ लोग इस दौरान भी सोते नहीं हैं और हम समय सुस्त रहते हैं। ऐसी स्थिति में आपको नींद की एक छोटी से झपकी लेने की जरूरत है। आपको करना ये है कि लंच के बाद कम से कम 15 मिनट सो जाएं... क्यों जानते हैं इसके फायदे।

बीपी कंट्रोल रहता है

लंच के बाद 15 मिनट की नींद बेहद जरूरी है। क्योंकि ये बीपी कंट्रोल करने में मददगार है। ये असल में काम के दौरान तेजी से चल रही धड़कनों को आराम देता है। ये दिल और दिमाग को शांत रहने का मौका देता है। हालांकि इससे आपके ब्लड वेसेल्स आराम में आते हैं और बीपी कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इस प्रकार से ये आपको बीपी की बीमारी से बचाता है।

स्ट्रेस कम करता है

लंच के बाद सोना स्ट्रेस कम करने में मददगार है। ये सुबह से शुरू हुए तनाव को कम करता है और ब्रेन को शांत होने का मौका देता है। इससे आपका शरीर बेहतर महसूस करता है और स्ट्रेस में कमी आती है। कई बार तो ये नींद गुस्सा कंट्रोल करता है और ऑफिस और काम के थकान के बीच एक मौन शांति में लाता है।

प्रोडक्टिविटी बढ़ाने में मददगार

प्रोडक्टिविटी बढ़ाने में 15 मिनट की नींद तेजी से मदद करती है। ये आपके दिमाग को रीस्टार्ट देती है और आप बेहतर महसूस करते हैं। इस नींद के बाद आप और ताजगी से काम कर पाते हैं और खुशी महसूस करते हैं।अगर आप ऐसा करते हैं तो इसके अलावा ये नींद शरीर में हार्मोनल गड़बड़ियों को कंट्रोल करने में मददगार है और इससे आप हार्मोनल समस्याओं से बच सकते हैं। तो कोशिश कीजिये कि आप भी लंच ब्रेक में अपने आप को थोड़ा आराम जरूर दें।

# एसजीआरआर विवि में दीक्षारंभ शुरू

देहरादून। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में नए विद्यार्थियों के लिए गुरुवार से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू हो गया। पहले दिन स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड कामर्स स्टडीज के साथ स्कूल आफ एग्रीकल्चर साइंस, स्कूल आफ योगा एंड नेचरोपैथी के नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया।कुलाधिपति श्री महंत देवेंद्र दास महाराज ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना संदेश प्रेषित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। वहीं, गढ़वाली व कुमाऊंनी लोकनृत्य, गीत, संगीत के साथ ही नाट्य प्रस्तुति से छात्रों ने समा बांध दिया।

मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रो. यशवीर दिवान ने छात्रों को सही आचरण बनाए रखने के लिए अच्छी पुस्तकें पढने और आज के प्रतियोगी युग में जीतने के लिए ज्ञान बढ़ाने की सलाह दी। कुलसचिव डा. अजय कुमार खंडूड़ी ने छात्रों को विश्वविद्यालय के शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्रशासनिक जानकारी भी दी। डीन एकेडमिक्स डा. कुमुद सकलानी ने नए छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय समन्वयक डा. आरपी सिंह ने छात्रों को सफल होने के लिए मेहनत का मूल मंत्र दिया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. संजय शर्मा ने नए छात्रों को परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराया। एसजीआरआर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख डा. शोभित गर्ग ने छात्रों को नो टू स्मोकिंग और ड्रग्स का स्लोगन देकर उन्हें भविष्य में नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड कामर्स स्टडीज की डीन प्रो. पूजा जैन, स्कूल आफ एग्रीकल्चर साइंसेज की डीन प्रो. प्रियंका बनकोटी और स्कूल आफ योगिक साइंसेज और नेचुरोपैथी की डीन प्रो. सरस्वती काला ने छात्रों को अपने-अपने विभाग की जानकारी दी। योग विभाग से 2022 बैच की छात्रा मधुमति और 2020 की छात्रा किरण ने योग से जीवन में हुए परिवर्तन पर बात की। एग्रीकल्चर साइंस के पूर्व छात्र आशीष राणा ने कृषि में स्नातक करने के बाद अन्य छात्रों को भी रोजगार देने की अपनी विकास यात्रा साझा की। धन्यवाद प्रस्ताव विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक्स प्रो. कुमुद सकलानी ने दिया गया।

# स्कूलों, और मोहल्लों में नशे की खेप पहुंचाने वाले को दून पुलिस ने किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 अगस्त : मुख्यमंत्री, उत्तराखंड के द्वारा वर्ष -2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त (ड्रग्स फ्री देवभूमि) बनाए जाने चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उप-महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून दलीप सिंह कुंवर के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल व क्षेत्राधिकारी सदर पंकज गैरोला के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पटेल नगर प्रभारी निरीक्षक सूर्य भूषण नेगी द्वारा मादक पदार्थों की धरपकड़ एवं तस्करी/ बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ हेतु अलग-अलग पुलिस टीम गठित की गयी।

जिसके क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा सूचना तंत्र मजबूत करते हुए सुरागरसी/पतारसी करते हुए दिनांक 02-08-2023 को अभियुक्तगण 1-दिलशाद पुत्र स्व0 इरशाद निवासी मोहल्ला रहमत नगर निकट HP गैस एजेंसी भगवानपुर थाना जनपद हरिद्वार उम्र 33 वर्ष को चन्द्रमणी चौक से 200 मीटर अंदर भुत्तोवाला चौक की ओर पुलिया के पास थाना पटेल नगर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त गण की जामा तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 65 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई व घटना में प्रयुक्त / परिवहन करने पर मोटरसाइकिल संख्या - UK08AC-2021 (Super Splendor Black Colour ) को सीज कर कब्जे पुलिस लिया गया । अभियुक्त गण एक शातिर किस्म के अपराधी है और मादक पदार्थो की तस्करी / बिक्री करने के प्रयोजन से उक्त बरामद स्मैक को लाया जा रहा था। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।






पूछताछ का विवरणः-पूछताछ मे अभियुक्त दिलशाद द्वारा बताया गया कि यह स्मैक मै भगवानपुर हरिद्वार से लेकर आ रहा था जिसको मै देहरादून के अलग-अलग स्थानों मोहल्ले व सरकारी संस्थान स्कूल, कॉलेज आदि में बेचने जा रहा था जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया । अभियुक्त गणों के विरुद्ध कोतवाली पटेल नगर में मु0अ0सं0-405/2023 धारा 8/21 NDPS ACT व मु0अ0सं0-406/2023 धारा 8/21/60 NDPS ACT के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त गणों को आज समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1-दिलशाद पुत्र स्व0 इरशाद निवासी मोहल्ला रहमत नगर निकट HP गैस एजेंसी भगवानपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उम्र 33 वर्ष ।

बरामदगी का विवरण

1-अवैध स्मैक - 65 ग्राम ( 6 लाख 50 हजार रुपये कीमत)2-मोटर साईकिल - UK08AC-2021

निर्देशन /मार्गदर्शक अधिकारी

1-- सरिता डोभाल पुलिस अधीक्षक नगर देहरादून2-- पंकज गैरोला क्षेत्राधिकारी सदर जनपद देहरादून पुलिस टीम थाना पटेल नगर 1-उ0नि0 विकसित पंवार 2-उ0नि0 संदीप कुमार 3-उ0नि0 कैलाश चन्द्र 4-अ0उ0नि0 संजू रावत 5-हैड कानि0 सुनीत कुमार 6-कानि0 सूरज सिंह राणा 7-कानि0 संदीप कुमार 8-कानि0 राजीव कुमार 9-कानि0 अरशद अली 10-कानि0 रविशंकर झा 11-कानि0 हितेश कुमार 12-कानि0 मनोज तोमर 13-कानि0 प्रवीण कुमार

## संपादकीय



# नूंह के मोनू-बिट्टू

नूंह का सांप्रदायिक अंधड़ फिलहाल शांत लगता है, लेकिन क्या दबा-छिपा है, उसकी संभावनाएं भी नहीं बता सकते। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया है कि सरकारें तय करें कि कोई नफरती भाषण न दिया जाए। माहौल को भडक़ाया-उकसाया न जाए। हिंसा की कोई गुंजाइश न हो, लिहाजा अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं। शांति और सौहार्द कायम रहना चाहिए। यह जिम्मेदारी हरियाणा, दिल्ली, उप्र और केंद्र की सरकारों की तय की गई है। अदालत ने जुलूस, रैली, प्रदर्शन आदि की वीडियोग्राफी और रिकॉर्डिंग के भी आदेश दिए हैं। फिलहाल सुनवाई जारी है। नूंह हिंसा के पूरे प्रकरण में मोनू मानेसर और बिट्टू बजरंगी, कथित गोरक्षकों, को 'खलनायक' चित्रित किया गया है। क्या सिर्फ दो हिंदूवादी चेहरों के कारण हरियाणा के एक संवेदनशील इलाके को हिंसा और दंगे की आग में झोंका गया? सांप्रदायिक दोफाड़ के हालात पैदा किए गए? छह मासूम मारे गए और 70 से अधिक घायल हुए। जिला अदालत की अतिरिक्त चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अंजलि जैन को, उनकी तीन साला बेटी के साथ, घंटों तक एक वर्कशॉप में छिपकर जान बचानी पड़ी। उनकी कार पर 100 से अधिक दंगाइयों ने पथराव के साथ हमला किया। क्या एक न्यायाधीश भी सांप्रदायिक हो गया? क्या यह हमला भी मोनू-बिट्टू के भडक़ाऊ वीडियो के कारण किया गया? अब नूंह के प्रवासी मजदूरों ने भी पलायन करना शुरू कर दिया है। उनमें कई मुस्लिम भी हैं। गुरुग्राम के समीप एक गुरुकुल पर दो बार हमले की कोशिश की गई। उन अनाम ग्रामीणों का बहुत आभार है कि उन्होंने जान की बाजी लगाकर गुरुकुल को खंडहर होने से बचा लिया। बेकसूर दुकानदारों और व्यापारियों को लूटा गया, उनके प्रतिष्ठान जला कर राख कर दिए, करोड़ों की संपत्ति तबाह कर दी गई और कुछ कारोबारियों को तो जान से मार कर सडक़ किनारे फेंक दिया गया। क्या ऐसे हालात मोनू और बिट्टू के कारण बन सकते हैं? कौन हैं ये दो चेहरे ? उनके खिलाफ हरियाणा में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, फिर भी उन्हें 'जामाता' की तरह संरक्षण क्यों दिया जा रहा है? इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री के बयानों में ही विरोधाभास है। भाजपा और हरियाणा सरकार का बुनियादी अपराध यही है। दरअसल मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हरेक घटना और टकराव के दौरान नाकाम साबित हुए हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## पद से इस्तीफा देने पर गौरव गोयल पर साधा निशाना

रुडक़ी। मेयर पद से गौरव गोयल के इस्तीफा देने के बाद कई पार्षदों, व्यापारियों ने उन पर निशाना साधा। कहा कि मेयर ने पार्षदों को बांटकर राजनीति करने का प्रयास किया। कहा कि उन्होंने व्यापारी हितों के लिए कोई कार्य नहीं किया। रामनगर चौक के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धीर सिंह ने कहा कि शहर ने बड़ी उम्मीदों के साथ गौरव गोयल को कुर्सी पर बैठाया था। वह नगर के मुखिया थे। शहर के विकास के लिए बहुत उम्मीदें थी। बोर्ड बैठकें तक सही से नहीं हो पाई। पार्षद राकेश गर्ग ने कहा कि मेयर ने अपने कार्यकाल में पार्षदों को बांटकर राजनीति करने का कार्य किया। यूजर चार्ज के नाम पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। पार्षद पंकज सतीजा ने कहा कि पार्षदों को सम्मान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर मेयर कहते हैं कि पार्षदों ने बोर्ड नहीं चलने दिया तो वह इसे सिद्ध करें।

## होटल की दीवार गिरने से ठेकेदार की मौत, दो घायल

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार क्षेत्र में पंचमुखी हनुमान मंदिर कैंपस में बुनियाद खोदते हुए गिरी बगल के होटल की दीवार के नीचे दबकर ठेकेदार की मौत हो गई, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। खडख़ड़ी चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल मजदूरों का इलाज चल रहा है। घटना गुरुवार को मुखिया गली स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में घटित हुई। मंदिर कैंपस में आजकल निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार को बुनियाद की खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान कैंपस से सटे होटल की दीवार भरभरा कर ढह गई। दीवार के मलबे के नीचे ठेकेदार एवं मजदूर आ गए। चीख पुकार सुनकर कैंपस में मौजूद अन्य लोग दौडक़र पहुंचे। आनन फानन में मलबे के नीचे दबे ठेकेदार एवं मजदूरों को निकाला गया, जिन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने ठेकेदार आस मोहम्मद 26 वर्ष पुत्र मतलूब निवासी गांव मिर्जापुर मुस्तबाबाद बरेली को मृत घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीसी की बैठक में 200 प्रस्ताव

रुडक़ी। रुडक़ी ब्लाक की क्षेत्र पंचायत की बैठक में 200 विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए। ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान बैठक में मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख लुबना राव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जन प्रतिनिधियों ने पंचायत संबंधित विकास कार्यों पर वार्ता की। इस दौरान सबसे ज्यादा समस्याएं पेयजल, आंगनबाड़ी आदि विभागों से मिली। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कुछ गांव में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है जबकि कुछ जगह आंगनबाड़ी केंद्रों को मरम्मत की जरूरत है। इस पर अधिकारियों ने नए आंगनबाड़ी केंद्र बनाने का काम शुरू करने की बात बताई। बैठक में सभी पंचायतों से लगभग 200 विकास प्रस्ताव रखे गए। इस दौरान पीडी केएन तिवारी, डीडीओ वेदप्रकाश, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, बीडीओ शिवप्रसाद थपलियाल, एबीडीओ कमलेश कांडपाल, एडीओ पंचायत बनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### तीन लाख के आम चुराने का आरोप

रुडक़ी। मक्खनपुर गांव निवासी सहादत राणा ने पुलिस को तहरीर देकर एक ट्रक ड्राइवर को नामजद करते हुए बताया कि उसने 29 जुलाई को करीब तीन लाख रुपये के आम भरकर मंडी भेजा था। ड्राइवर ने गाड़ी में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर आम को सही स्थान तक नहीं पहुंचाया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी राजीव रौथान ने बताया कि तहरीर के आधार पर ट्रक ड्राइवर राहुल के खिलाफ मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### दुकान में सेंध लगा लाखों की चोरी

रुडक़ी। चोरों ने एक दुकान में सेंध लगाकर सवा लाख रुपये तथा अन्य सामान उड़ा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मानक चौक निवासी राजीव कुमार सिंघल बैंक के पास पशु आहार की दुकान चलाते हैं। बुधवार शाम वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात में अज्ञात ने उनकी दुकान को निशाना बनाया। दुकान के बराबर में एक निर्माण चल रहा है। यहां पर ऊपर जाने के लिए जीना बना हुआ है। आरोपियों ने जीने का ताला तोडक़र छत पर प्रवेश किया। उसके बाद राजीव कुमार सिंघल की दुकान की दीवार में सेंध लगाई। बताया कि काउंटर में ररखे 1.20 लाख रुपये, चांदी की मूर्तियां, एलईडी के साथ अन्य सामान चोरी कर लिए गए। अगले दिन दुकान खोलने पर चोरी का पता चला।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख ठगे

रुडक़ी। एक युवक ने एक व्यक्ति से उसके बेटे और बेटी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 14 लाख रुपये ले लिए। नौकरी नहीं मिलने पर युवक से संपर्क करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नन्हेड़ा अनंतपुर गांव निवासी सतपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ समय पहले उनकी जान पहचान पंजाब निवासी युवक से हुई थी। युवक ने उनके बेटे और बेटी की सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही। उसकी भरोसे में आकर वह अपने बच्चों की नौकरी लगवाने को राजी हो गए। नौकरी लगवाने के लिए युवक ने पीड़ित से करीब 14 लाख रुपये ले लिए लेकिन न तो नौकरी ही मिल पाई और न ही पैसे वापस मिले।

### दुर्घटना में पिता सहित तीन बच्चे घायल

रुडक़ी। बेडपुर निवासी भूरा स्कूल से छुट्टी के बाद अपने बच्चों को बाइक से लेकर घर जा रहा था। बेडपुर चौक के पास कलियर की ओर से जा रहे एक बाइक सवार ने ओवरटेक करने के दौरान उन्हें टक्कर मार दी। इससे भूरा तथा उसके बच्चे अपसा, अलीना, फरान घायल हो गए। दूसरी बाइक सवार संदीप निवासी सोहलपुर भी घायल हो गया।

# वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ( से नि ) से गुरुवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मुलाकात की। प्रो. ओंकार सिंह को कुलपति के रूप में एक वर्ष का समय पूर्ण हो चुका है। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की विगत एक वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर आधारित प्रस्तुतीकरण दिया।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राज्यपाल को बताया कि विश्वविद्यालय में संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटाइजेशन करने की दिशा में किए गए प्रयासों के अंतर्गत परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता व समयबद्धता लाने में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। परीक्षाओं के प्रश्नपत्र को लीकेज की संभावनाओं से मुक्त रखने के दृष्टिगत डिजिटल माध्यम से पासवर्ड सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्रों को प्रत्येक परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व प्रश्नपत्रों का परीक्षण प्रारंभ किया गया है। इस क्रम में छात्रों की परीक्षा मूल्यांकन प्रणाली में विश्वास पैदा करने के दृष्टिगत मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षाफल निर्माण से पूर्व डिजिटली अवलोकित कराये जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रणाली में गुणवत्ता स्थापित करने का सफल प्रयास किया गया है।

उन्होंने बताया कि सभी संस्थानों में छात्रों की समुचित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु शैक्षिक कार्यक्रमों को गुणवत्तापरक बनाये जाने के साथ-साथ अटेंडेंस मैनजमेंट सिस्टम को लागू किया गया है। इसके माध्यम से छात्रों की कक्षाओं में दैनिक उपस्थिति को वेब पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है जिसे छात्र स्वयं, उनके अभिभावक, संस्था के प्रमुख एवं विश्वविद्यालय उपस्थिति को आवश्यकतानुसार अवलोकित कर सुधारात्मक कार्यवाही कर सकते हैं।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में बीटेक प्रारंभ कर इस क्षेत्र में ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटी'' स्थापना की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय के द्वारा आईएमए के साथ मिलकर पीजी डिप्लोमा इन मिलेट्री स्टडीज एंड डिफेंस मैनेजमेंट को संचालित कर सैन्य शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत पहल की है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सभी संस्थानों में दो सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल का चयन कर उन पर छात्रों व शिक्षकों को प्रभावी रूप से प्रोजेक्ट, वर्कशॉप, सेमिनार के माध्यम से कार्य कराकर वैश्विक स्तर पर इन लक्ष्यों की प्राप्ति में एक महती योगदान देने का प्रयास किया गया है।

कुलपति द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से ही अपने सभी पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार परिमार्जित कर सामयिक आवश्यकताओं के अनुरूप, क्रेडिट आधारित नया ऑर्डिनेंस व पाठ्यक्रम लागू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरकाशी में तकनीकी संस्थान वर्तमान सत्र से ही प्रारंभ कर उस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए कम्प्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग में बीटेक करने के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

राज्यपाल ने उपलब्धियों हेतु कुलपति एवं विश्वविद्यालय टीम की प्रशंसा करते हुए अन्य विश्वविद्यालयों को भी इन बैस्ट प्रैक्टिसिस को अपनाने को कहा है। उन्होंने कुलपति प्रो. ओंकार सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के नवाचारों और प्रयासों की सराहना की।

## लोकसभा और निकाय चुनाव में भाजपा करेगी बेहतद प्रदर्शन

हरिद्वार। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विशाल गर्ग ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर दुष्यंत कुमार गौतम के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर गंगाजली एवं रूद्राक्ष की माला भेंटकर उनका स्वागत किया। भेंटवार्ता के दौरान उत्तराखंड की राजनीति पर भी विशेष चर्चा की गई। डॉ. विशाल गर्ग ने कहा कि दुष्यंत कुमार गौतम के राष्ट्रीय महामंत्री बनने से लोकसभा चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। दुष्यंत कुमार गौतम का अनुभव अवश्य ही पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर साबित होगा। राज्य के विकास में दुष्यंत कुमार गौतम पूर्व से ही विशेष भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। गर्ग ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री प्रदेश में आपदा प्रभावित पीड़ितों को मदद पहुंचाने की भरपूर कोशिशें कर रहे हैं। जनपद हरिद्वार को आपदा क्षेत्र घोषित करने की स्वीकृति भी मुख्यमंत्री द्वारा दी जा चुकी है। बाढ़ पीड़ितों के लिए तीन माह के विद्युत बिल, जल एवं बैंकों के ऋण की अदायगी पर रोक लगाई गई है।

## चोरी के सात वाहनों के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। शहर के अलग-अलग क्षेत्र से चोरी सात दोपहिया वाहन बरामद करते हुए ज्वालापुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। एसएसपी अजय सिंह ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है। गुरुवार को जिला पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक अपराध रेखा यादव ने पत्रकारों को जानकारी दी कि पिछले कई दिन से दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर ज्वालापुर पुलिस जांच में जुटी थी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा, बाजार चौकी प्रभारी विकास रावत की अगुवाई में पुलिस टीम ने रानीपुर झाल के पास दोपहिया वाहन सवार एक युवक को पकड़ लिया जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। दोपहिया वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर सामने आया कि उन्होंने चोर गली से चोरी किया था। कोतवाली लाकर की गई पूछताछ में हत्थे चढ़े आरोपी ने शहर में अलग अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी करने की बात कबूली। आरोपी की निशानदेही पर छह दोपहिया वाहन बरामद किए गए। एसपी अपराध ने बताया कि आरोपी का नाम मोहम्मद नावेद पुत्र मोहम्मद नाजिर निवासी श्यामपुर कांगड़ी है जबकि उसने अपने फरार साथी का नाम प्रिंस निवासी नगीना जिला बिजनौर यूपी बताया। एसपी ने बताया कि दोनों युवक नशे के आदी हैं और नशे की लत को पूरा करने के लिए दोपहिया वाहन चोरी कर रहे थे। पूर्व में भी वाहन चोरी की घटनाओं को कबूला है, जिस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा, एसआई विकास रावत, एसआई गिरिश चंद्र, कांस्टेबल हेमंत पुरोहित, कपिल कुमार, करम चौहान, अनिल भट्ट शामिल रहे।

## दामाद ने घोंपा था ससुर के चाकू, केस दर्ज

हरिद्वार। नहर पटरी बहादराबाद में दामाद ने ही अपने ससुर को पेट में चाकू घोंपा था। पुलिस ने सास की शिकायत पर दामाद के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है कि आखिर उसने ससुर अनवर के पेट में चाकू क्यों घोंपा था। शिकायतकर्ता महिला नौशाद परवीन पत्नी अनवर निवासी डोलीखाल थाना कुतुबसेर जिला सहारनपुर हाल दादूपुर गोविंदपुर कोतवाली रानीपुर ने कहा कि चार दिन पहले उसके दामाद सलमान ने अपने घर पर बेटी के साथ झगड़ा किया था। आरोप है कि बीते बुधवार दोपहर सलमान ने अपने ससुर को फोन कर कंपनी से नहर पटरी बहादराबाद में बुलाया था। जिसके बाद उसने अनवर के पेट में चाकू घोंप दिया था। जिसका हायर सेंटर में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह ने बताया कि घायल अनवर की स्थिति सामान्य है। आरोपी दामाद सलमान पुत्र इनाम निवासी खालापार मुजफ्फरनगर से मामले में पूछताछ की जा रही है।

## शिविर में विकलांगता की जांच कर दिव्यांग सर्टिफिकेट

हरिद्वार। हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की ओर से आयोजित दो दिवसीय दिव्यांग निशुल्क परीक्षण शिविर का गुरुवार को बहादराबाद विकासखंड कार्यालय में समापन हो गया। पहले दिन के शिविर का आयोजन भगवानपुर के विकासखंड कार्यालय में किया गया था। बहादराबाद शिविर में रजिस्ट्रेशन करने वाले लोगों की विकलांगता की जांच कर दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी किए गए। बहादराबाद में शिविर का शुभारंभ करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि दो और तीन अगस्त को लगाया गया यह शिविर सांसद रमेश पोखरियाल निशंक के प्रयासों से इंडियन रेलवे फाइनेंस कोरपोरेसन, एलीमको और समाज कल्याण विभाग की मदद से आयोजित किया गया। शिविर में रजिस्ट्रेशन किए गए दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, कैलीपर्स, बैसाखियां, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, सुनने के लिए कान की मशीन का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

## मिक्सड रियलिटी एवं इंटरनेट पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में मिक्सड रियलिटी एवं इंटरनेट ऑफथिंग्स के अनुप्रयोग विषय पर चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यशाला में टेक्नोहब लेबोरेट्रीज देहरादून के सीईओ डॉ. सिद्धार्थ माधव ने मिक्सड रियेलिटी पर व्याख्यान दिया तथा छात्रों से संवाद स्थापित किया। कार्यशाला के अन्तिम दिन मिक्सड रियेलिटी एवं आईओटी पर छात्रों की परीक्षा ली गई। जिसमें प्रथम मिश्रा ने प्रथम, अमित सिंह कुशवाह ने द्वितीय एवं नितिन राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार के रूप में पांच, तीन एवं दो की धन राशि क्रमशः प्रदान की गई। प्रतिभागी छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार हम मिक्सड रियेलिटी एवं आईओटी का उपयोग शिक्षा, चिकित्सा, कृषि एवं अन्य सेवाओं में कर सकते हैं। कार्यशाला के समापन पर कुलसचिव ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को बधाई दी और सम्मानित किया। संकायाध्यक्ष प्रो. विपुल शर्मा ने विचार रखे। मंच का संचालन कार्यशाला के समन्वयक प्रो. मयंक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील पंवार, डॉ. मुरली मनोहर तिवारी, नमित खण्डूजा, डॉ. तनुज गर्ग, संजीव लाम्बा, गजेन्द्र सिंह रावत, दीपक पैन्युली, देवानन्द जोशी, विकास देशवाल, दीपक वर्मा, गौरव कुमार, विवेक आर्य, मयंक पोखरियाल, अनिरूद्ध यादव,धनपाल सिंह आदि उपस्थित है।

## मेयर और पार्षद ने शुरू कराया सडक़ निर्माण

हरिद्वार। मेयर अनिता शर्मा और पार्षद दीपिका बहादुर ने ज्वालापुर स्थित वार्ड 42 की सोनिया बस्ती में सडक़ निर्माण कार्य का नारियल फोडक़र शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर अनिता शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पिछले पांच वर्षों में बहुत विकास कार्य कराए गए हैं। जनता से जो वायदे किए थे उन्हें पूरा किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में पथ प्रकाश, सडक़, बिजली, पानी, सफाई की व्यवस्था और भी अन्य जनहित के कार्य किए गए। पार्षद दीपिका बहादुर ने कहा कि वार्ड में सीवर लाइन, सडक़, पथ प्रकाश आदि समेत जनसुविधाओं के लिए लगातार विकास कराया जा रहा है। जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है उसे टूटने नहीं दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिडकुल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के पदाधिकारियों ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ( से नि ) से गुरूवार को राजभवन में सिडकुल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने पदाधिकारियों से औद्योगिक विस्तार एवं प्रदेश के भावी विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने सिडकुल हरिद्वार की समस्याओं और चुनौतियों के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। पदाधिकारियों ने राज्यपाल को रूडक़ी में आयोजित होने वाले औद्योगिक पुरोधाओं के सम्मान कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के विकास में औद्योगिक इकाइयों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा की राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और औद्योगिक इकाइयों के लिए अच्छा वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से दिसम्बर माह में इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा की इस समिट के आयोजन से राज्य में निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष मोहिंदर आहूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जैन आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा में धर्मशाला और क्राफ्ट म्यूजियम के निर्माण हेतु प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा में मुंशी हरि प्रसाद टम्टा धर्मशाला और क्राफ्ट म्यूजियम के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने धर्मशाला और क्राफ्ट म्यूजियम के निर्माण हेतु 69.82 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 41.89 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

### मसूरी में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

देहरादून। बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ मसूरी में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। गुरुवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में शहीद स्थल झूलाघर पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला फूंका। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि कानून व्यवस्था के मुद्दे पर आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। मणिपुर से लेकर हरिद्वार और देहरादून तक महिलाओं के साथ अपराध और अत्याचार की हर दिन घटनाएं सामने आ रही हैं। इसमें भाजपा के नेता भी शामिल हैं और उन्हें बचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त को प्रदेश कांग्रेस की ओर से गांधी पार्क में धरने का आयोजन किया जा रहा है, इसमें बड़ी संख्या में मसूरी से कांग्रेसी शामिल होंगे। इस मौके पर मेघ सिंह कंडारी, वसीम खान, महेश चंद्रा, महिमानंद, रमेश राव समेत अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा महानगर में आईटी सह संयोजक घोषित

देहरादून। भाजपा महानगर प्रभारी कुलदीप कुमार व महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की सहमति के बाद भाजपा मंडल आईटी विभाग में सह संयोजकों की घोषणा की गई है। महानगर संयोजक आईटी विभाग विपिन खंडूड़ी ने बताया कि डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर में रोहित कुमार, केदारनगर में तेजेन्द्र बिष्ट, पंडित दीन दयाल नगर में गौरव बुड़ाकोटी, धर्मपुर नगर सन्नी अग्रवाल, तपोवन नगर रंजीता रावत, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली नगर मनोज बेलवाल, रायपुर नगर अनमोल रस्तोगी, करनपुर नगर योगेश अरोड़ा, अम्बेडकर नगर मनीष सक्सेना, प्रेमनगर कांवली धीरज शास्त्री, जीएमएस नगर अक्षय गुप्ता, मसूरी दिपांशु मनोड़ा, शहीद दुर्गामल्ल नगर संध्या क्षेत्री, श्रीदेव सुमन नगर दीपक बहुखंडी को मनोनीत किया गया है।

### डाक विभाग की ढाई आखर प्रतियोगिता शुरू

देहरादून। डाक विभाग की ओर से 'नए भारत के लिए डिजिटल भारत विषय पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रवर अधीक्षक डाकघर जगत सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में दो वर्गों में होगी। इसमें पहला वर्ग 18 वर्ष और दसूरा से 18 वर्ष से अधिक है। पत्र हिंदी, अंग्रेजी या स्थानीय भाषा में लिखकर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल उत्तराखंड परिमंडल देहरादून के पते पर भेजना होगा। आवेदक 31 अगस्त तक पत्र भेज सकते हैं। इसमें परिमंडल स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 25 हजार, द्वितीय को 10 और तृतीय को पांच हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले को 50 हजार, द्वितीय को 25 और तृतीय स्थान पाने वाले 10 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।

### राजीव गांधी नवोदय विद्यालय को मिली आधुनिक कंप्यूटर लैब

देहरादून। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने गुरुवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में स्थापित आधुनिक कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। ये लैब आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ की ओर से बनाई गई है। उद्घाटन के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज हर क्षेत्र में कंप्यूटर और डिजिटलाइजनेशन जमाना है। ऐसे में बच्चों को शुरुआत से ही कंप्यूटर एजुकेशन की जरूरत है। ऐसे में ये लैब बच्चों की पढ़ाई में सुधार के लिए काफी मददगार होगी। कंप्यूटर ज्ञान के बिना आजकल हर पढ़ाई अधूरी है। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्य डा. सुनीता भट्ट ने इस दौरान विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। इसके बाद आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रोजेक्ट हेड सुधीर जैन चौधरी ने शिक्षा मंत्री का आभार जताया। इस दौरान निदेशक शिक्षा वंदना गब्र्याल,अपर निदेशक महावीर सिंह बिष्ट,अपर निदेशक सीमैट अजय कुमार नौडियाल,संयुक्त निदेशक ललित मोहन चमोला,सीईओ प्रदीप कुमार रावत,उप प्राचार्य गिरीश चंद्र थपलियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंप पर मारपीट में दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। पेट्रोल पंप पर मारपीट में दो आरोपी प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि कृष्णा फिलिंग स्टेशन केहरी गांव के कर्मचारी कुलवेंद्र की तहरीर केस दर्ज किया गया। बताया कि मंगलवार रात करीब एक बजे एक वाहन में वह सीएनजी डाल रहे थे। तभी एक गाड़ी आई। गाड़ी चालक लगातार हार्न बजाता रहा। उसे ऐसा करने को मना किया गया। आरोप है कि थोड़ी देर बाद वह 10-12 युवक संग दो गाडियों से पहुंचा। उन्होंने रॉड से पीड़ित से पर हमला किया। पीड़ित की कमर और जांघ में घाव हुआ। मेडिकल के बाद बुधवार को केस दर्ज कराया। गुरुवार को पुलिस ने मारपीट में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार किए। आरोपियों की पहचान सूर्य प्रताप उर्फ प्रिंस और सागर दोनों हाल निवासी शक्ति विहार, सुद्धोवाला के रूप में हुई।